913110886
Name
Head Constable
Manraj Umrao Bhongade
Unit
206 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.




Force No.
075131919
Name
Constable Chandan Nath
Unit
192 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

कर्तव्य की बलिवेदी पर वीरगति को प्राप्त हुए। इस दौरान हवलदार मनोज बोंगाडे द्वारा की गई त्वरित हमले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें न केवल घायल सिपाही को सुरक्षित निकाला जा सका बल्कि उन्होंने रेंगते हुए निर्णायक हमला कर दिया और एक माओवादी को मार गिराया। अदम्य साहस, अपूर्व वीरता और कर्तव्यपरायणता के लिए पांच कार्मिकों को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। सिपाही कोरे चंद्रशेखर सुरेशराव व सिपाही यासर मोहम्मद खान को यह सम्मान मरणोपरान्म प्रदान किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
041543551
Name
Shaheed Constable Jaimal Singh
Unit
203 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 25 September 2010, the troops of 203 CoBRA Bn launched an operation against the Maoists in Saranda forest, PS Chotanagra, District Chaibasa, Jharkhand. During the operation, the troops raided two maoists' hideouts in the dense jungle but the maoists had already fled from there. After raiding the hide-outs, as the troops were searching for the Maoists, Constable Jaimal Singh, who was the scout, sensed some movement behind some bushes and accordingly alerted the whole party. As the troops moved further fully alert, the Maoists waiting to ambush them opened intense fire on the troops. The troops too retaliated and a fierce encounter ensued. During the encounter, risking his life, Constable Jaimal Singh crawled ahead, reached closer to the Maoists and gunned down one of them. After gunning down the Maoist, he did not stop there and advanced further to reach the killed Maoist and launch further attacks but in the process he came under the intense fire of the Maoists and received severe bullet injuries and laid down his life for the nation. For displaying gallantry, valour, and courage of the highest order, Constable Jaimal Singh was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 25 सितंबर, 2010 को 203 कोबरा बटालियन की एक टुकड़ी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थाना क्षेत्र के सारंडा जंगलों में माओवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया। आपरेशन के दौरान बल की टुकड़ी ने घने जंगल के अंदर बनाए गए माओवादियों के एक ठिकाने पर धावा बोला। जैसे ही टुकड़ी माओवादियों के ठिकाने के नजदीक पहुंची तो माओवादियों ने कैम्प की सुरक्षा के लिए लगाई गई आईईडी में विस्फोट करने के साथ बल की टुकड़ी पर भारी फायर कर दिया। बल की टुकड़ी ने तुरंत फायर का जवाब दिया और एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। दृढ़ निश्चय और दिलेरी के साथ बल की टुकड़ी ने माओवादियों के कैम्प पर पूरी ताकत के साथ धावा बोल दिया। इस हमले से माओवादियों के पांव उखड़ गए और वो कैम्प छोड़ कर भाग खड़े हुए। बल की टुकड़ी ने कैम्प कब्जा कर चार माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया। कैम्प से एक 303 रायफल, एक एसबीबीएल गन, चार हैंड ग्रेनेड और आठ कारतूस बरामद किये गये। इस आपरेशन में माओवादियों के विरूद्ध प्रथम पंक्ति से लड़ते हुए सिपाही जयमल सिंह गंभीर रूप से घायल हुए और बाद में वीरगति को प्राप्त हुए।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
055154506
Name
Shaheed Constable Dangmei Stephen
Unit
184 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



On 24 September 2010, the troops of 184 Bn CRPF launched an operation against Maoists at village Bandarbani, PS Binpur, District West Medinipur, West Bengal. During the operation as the troops were laying a cordon, the Maoists opened heavy fire on them taking advantage of the darkness. Constable Dangmei Stephen was the closest to the Maoist line of fire at the time of the attack. Despite that he kept his nerve and retaliated by steadily moving forward and fired heavily. But in the endeavour he received bullet injuries. Despite sustaining serious injuries he continued with his offensive, which enabled other troopers to break the ambush, regroup and further engage the Maoists. The bold action of Constable Dangmei Stephen turned the situation around and, besides killing a hardened Maoist and making considerable recoveries, enabled his fellow troops to force the Maoists to retreat. Constable Dangmei Stephen sacrificed his life, fighting gallantly, showing unparalleled courage, and devotion to duty for which he was awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 24 सितंबर, 2010 को 184 बटालियन की एक टुकड़ी ने पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मेदनीपुर जिले के बिनपुर थाना क्षेत्र के गांव बंदरबानी में माओवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया। आपरेशन के दौरान जब बल की टुकड़ी घेराव कर थी तो अंधेरे का फायदा उठाकर माओवादियों ने उन पर भारी फायरिंग कर दी। हमले के समय सिपाही दंगमयी स्टीफन माओवादियों की फायरिंग लाइन के सबसे नजदीक थे। इसके बावजूद उन्होंने अपना हौंसला बनाए रखा और दुश्मन की तरफ चुपके से बढ़े परंतु इस दौरान सिपाही दंगमयी स्टीफन गंभीर रूप से घायल हो गये, मगर घायल होने के बावजूद वह पूरी ताकत और जोश के साथ माओवादियों से लड़ते रहे जिसके कारण दूसरे जवानों को अंबुश तोड़ने, एकजुट होने और माओवादियों को उलझाए रखने में सफलता मिली। सिपाही दंगमयी स्टीफन की निडरता के कारण परिस्थिति बदल गई और एक दुर्दांत माओवादी के मारे जाने व बड़ी मात्रा में बरामदगी से माओवादी भाग खड़े हुए। सिपाही दंगमयी स्टीफन बहादुरी से लड़ते हुए, अपूर्व वीरता और कर्तव्य निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए जिसके लिए उन्हें मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
7917
Name
Shaheed Shri Jatin Gulati,
Assistant Commandant
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).

On 29 June 2010, the troops of 39 Bn CRPF, carried out a road-opening patrol under PS Narayanpur, District Narayanpur, Chhatisgarh, for the safe movement of administrative troops in the area. After the completion of the task the parties were ordered to return to their bases. When one such party was near village Maharabeda, it was ambushed by the Maoists. The troops immediately took positions and launched a counterattack under the command of Sh. Jatin Gulati, Asst. Comdt. Without caring for the incessant bullets, the troops advanced towards the enemy positions across a nallah. To counterattack the Maoists, Shri Jatin Gulati, Asst. Comdt., crossed over the nallah from the right side and ordered his party to give covering fire to help the personnel trapped under Maoist fire to cross the nallah. He also inspired Head Constable Raju Rabha to cross the nallah and fire at the Maoists. Head Constable Raju Rabha followed the orders and besides firing at the Maoists also exhorted the other jawans to fire heavily at them. In the process he also rendered first aid to Constable Anil Kumar and Inspector Parmanand. Likewise, Constable Kaptan Singh was ordered to fire rifle grenades at the Maoists by Sh. Jatin Gulati. He followed the orders and fired four rifle grenades that landed near the nallah and demoralized the Maoists. Thereafter, the Maoists began to retreat. Meanwhile, Head Constable Rajendra Nath Das was fighting with the well-entrenched Maoists. He not only encouraged his men but with his accurate fire killed a few Maoists. Unfortunately, as the battle was turning in the favour of the troops, Shri Jatin Gulati, Assistant Commandant and Head Constable Rajendra Nath Das received severe bullet injuries and sacrificed their lives for the nation. For displaying gallantry, valour, and bravery of the highest order, Shri Jatin Gulati, Assistant Commandant (Posthumous), Head Constable Rajendra Nath Das (Posthumous), Head Constable Raju Rabha and Constable Kaptan Singh were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 29 जून, 2010 को 39 बटालियन की टुकड़ियां प्रशासनिक वाहनों को सुरक्षित रास्ता देने के लिये नारायणपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में रोड़ ओपनिंग ड्यूटी पर थी। कार्य पूर्ण होने के उपरांत सभी टुकड़ियों को अपने आधार कैम्पों की ओर लौटने के निर्देश दिये गये। ऐसी ही एक टुकड़ी जब गांव महाराबेड़ा के पास से गुजर रही थी तो माओवादियों ने घात लगा कर टुकड़ी पर हमला किया। बल की टुकड़ी ने श्री जतिन गुलाटी, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में तुरंत पोजीशन लेकर फायर का जवाब दिया और भारी फायर की परवाह किये बिना माओवादियों पर जवाबी हमला कर दिया। गोलियों की बौछार के बीच बल की टुकड़ी एक नाले के पार दुश्मन की पोजीशन की तरफ आगे बढ़ी। माओवादियों पर जवाबी हमला करने के लिए श्री जतिन गुलाटी सहायक कमांडेंट ने दाहिनी ओर से नाला पार किया और अपनी पार्टी को कवरिंग फायर दिया ताकि माओवादियों की फायरिंग में फंसे जवान नाला पार कर सकें। उन्होंने नाला पार कर माओवादियों पर फायर करने के लिए हवलदार राजू राभा को प्रेरित किया। हवलदार राजू राभा ने आदेश का पालन करते हुए न केवल माओवादियों पर फायरिंग की बल्कि और जवानों को भी माओवादियों



Force No.
831240509
Name
Shaheed Head Constable
Rajendra Nath Das
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).



Force No.
913285143
Name
Head Constable Raju Rabha
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
920890206
Name
Constable Kaptan Singh
Unit
39 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry..

पर जबरदस्त फायरिंग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने घायल सिपाही अनिल कुमार और निरीक्षक परमानंद का प्राथमिक उपचार भी किया। इसी प्रकार सिपाही कप्तान सिंह को श्री जतिन गुलाटी ने माओवादियों पर राइफल ग्रेनेड दागने का आदेश दिया। उन्होंने आदेशों का पालन करते हुए चार राइफल ग्रेनेड फायर किए जोकि नाले के पास गिरे और माओवादियों का हौंसला पस्त हो गया। उसके बाद माओवादी भागने लगे। इसी दौरान हवलदार राजेंद्र नाथ दास अच्छी तरह से जमे हुए माओवादियों से लोहा ले रहे थे। उन्होंने न केवल अपने साथियों का हौंसला बढ़ाया बल्कि अपनी सटीक फायरिंग से कई माओवादियों को मार गिराया। जब यह लड़ाई बल की टुकड़ी के पक्ष में हो रही थी तभी श्री जतिन गुलाटी और हवलदार राजेंद्र नाथ दास गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और वीरगति को प्राप्त हुए। इन भीषण परिस्थितियों में बल की टुकड़ी का नेतृत्व करने, वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये श्री जतिन गुलाटी, सहायक कमांडेंट और हवलदार आर एन दास को मरणोपरांत तथा हवलदार राजू राभा और सिपाही कप्तान सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
6211
Name
Shri Ashok Kumar Dash,
Assistant Commandant
Unit
66 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 22 February 2010, a QAT commanded by Shri Ashok Kumar Dash, Assistant Commandant, was inching closer to village Narcha, PS Lalgarh, District West Medinipur, West Bengal, when it was suddenly fired upon heavily by naxalites. But undeterred, Shri Ashok Kumar Dash, and his scout team retaliated by firing and advanced forcing the naxalites to split themselves. Even though, clearly outnumbered, Shri Ashok Kumar Dash, Asst. Commandant, with just a couple of personnel, and without caring for the safety of his own life in the face of heavy fire by naxalites, advanced towards the group of naxalites that had moved in the west direction. There a fierce encounter ensued and though Shri Ashok Kumar Dash was with a handful of troops and the naxalites were firing relentlessly to kill the troops, he succeded in keeping them at bay till the reinforcement arrived and eventually the naxalites had to beat a hasty retreat. When the incident site was searched, a bullet-ridden body of a top Maoist leader namely Lal Mohan Tudu was found who died on the way to the hospital. For his exemplary leadership skills, conspicuous gallantry, and formidable courage Shri Ashok Kumar Dash, Asistant Commandant, was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 22 फरवरी 2010 को श्री अशोक कुमार दास, सहायक कमांडेंट की कमान में एक क्यूआरटी गांव नरचा पुलिस स्टेशन लालगढ़, पश्चिम मिदनापुर, पश्चिम बंगाल में आगे बढ़ रही थी कि अचानक माओवादियों द्वारा फायरिंग की गई परंतु बल की टुकड़ी ने इसका दृढ़ता से जवाब दिया और माओवादियों को तितर-बितर कर दिया। संख्या बल में कम होने के बावजूद श्री अशोक कुमार दास सहायक कमांडेंट ने बिना अपनी सुरक्षा की परवाह किए थोड़े से जवानों के साथ माओवादियों की भारी फायरिंग के बीच उनका डटकर मुकाबला किया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बाद में जब इलाके की तलाशी ली गई तो गोलियों से छलनी एक बड़े माओवादी नेता घायल पड़ा हुआ था जिसकी अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। उनकी वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायता के लिये श्री अशोक कुमार दास, सहायक कमांडेंट को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

Force No.
031437671
Name
Constable Kulwinder Singh
Unit
63 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



While searching the jungle area falling under Ghodagaon Police Station in District Narayanpur, Chhattisgarh, on 15 December 2008, Maoists opened heavy fire on the troops and exploded IEDs. Undettered by the onslaught, the troops fired at the Maoists with fervour. Soon enough the Maoists began to flee beaten by the valour of the troops. At that moment, Constable Kulwinder Singh threw precaution into the air and started chasing the Maoists. The Maoist kept firing at him, but the brave trooper crawled forward and fired a volley of bullets at a very close range on the Maoists showing exemplary courage, as a result of which two hardcore Maoists were killed. For his display of extraordinary and exemplary courage, and bravery, without caring for his life during the encounter, Constable Kulwinder Singh was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 15 दिसंबर 2008 को छतीसगढ़ के नारायणपुर जिले के थाना घोड़ागांव के अंतर्गत जंगल की तलाशी के दौरान माओवादियों ने बल की टुकड़ी पर भारी फायरिंग की और आईईडी विस्फोट किए। इस भीषण हमले से विचलित हुए बिना बल की टुकड़ियों ने बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की जिसके आगे न ठहरते हुए माओवादियों ने भागना शुरू कर दिया। ऐसे समय पर सिपाही कुलविंदर सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए माओवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया। माओवादियों ने उन पर गोलियां बरसाईं परंतु यह जांबाज रेंगकर आगे पहुंचे और नजदीक से माओवादी पर गोलियां बरसाते हुए साहस का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया जिसके परिणामस्वरूप दो माओवादी मारे गए। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए सिपाही कुलविंदर सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
880870493
Name
Head Constable Balwinder Singh
Unit
53 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

During an ongoing encounter, on 17 June 2010, against holed up militants in a house at Ganai Mohalla, Pushnag, District Baramulla, who were firing indiscriminately on the security forces, Head Constable Balwinder Singh of 53 Bn CRPF took a defensive position in front of the window of the target house and retaliatied against the fire with his automatic weapon boldly on the window where one of the militants was positioned and firing intermittently. When the fire stopped from the militants' side Head Constable Balwinder Singh, with others, advanced fearlessly and lobbed grenades from the window and then entered the room, but at that moment the militants fired again. To put an end to the attack, Head Constable Balwinder Singh went near a cement slab in the room, lobbed a grenade and took a defensive position promptly. The firing from the militants ceased. On searching the house, two bodies of dead militants were recovered. In this encounter, Head Constable Balwinder Singh displayed conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of a high order for which he was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 17 जून 2010 को जम्मू कश्मीर के बारामूल जिले के गनाई मोहल्ले, पुशनाग के एक घर में घुसे आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ जारी थी जिसमें आतंकवादी अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। 53 बटालियन केरिपुबल के हवलदार बलविंदर सिंह ने लक्षित घर की खिड़की के सामने रक्षात्मक पोजीशन लेकर अपने स्वचालित हथियार से उस खिड़की पर गोलीबारी की जहां एक आतंकवादी ने पोजीशन ले रखी थी और रूक-रूक कर फायरिंग कर रहा था। जब आतंकवादी की ओर से फायरिंग रूक गई तब हवलदार बलविंदर सिंह अन्य जवानों के साथ गोलीबारी करते हुए व ग्रेनेड फेंकते हुए कमरे में दाखिल हुए परंतु आतंकवादी ने दोबारा फायरिंग कर दी। हमले को रोकने के लिए हवलदार बलविंदर सिंह सीमेंट स्लैब के नजदीक गए, ग्रेनेड फेंका और तुरंत रक्षात्मक पोजीशन ले ली। आतंकवादियों की ओर से फायरिंग रूकने पर दो मृत आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। इस मुठभेड़ में प्रदर्शित असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए हवलदार बलविंदर सिंह को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY

IRLA No.
4238
Name
Shri Joseph Keishing
Second-in-Command
Unit
184 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



On 24 August 2010, a stalking party led by Shri Joseph Keishing, Second-in-Command,in the dead of the night was closing in on the Maoists sitting on a bund at the edge of the jungle between Aguisol, Baxibanan, and Nekrakunda viilages, under PS Kotwali, District West Medinipur, West Bengal. As they came nearer it was fired upon. Shri Joseph Keishing, showed great courage, exemplary leadership qualities, conspicuous bravery and tenacity under pressure despite firing from an area close to the Maoists at great personal risk. Displaying total devotion and a stellar spirit of sacrifice, he led his force from the front to a successful encounter with the Maoists. Had he been noticed, his life would have been in peril as he was virtually sneaking into the enemy's den, who had been alerted to the presence of security forces. Dauntless under heavy fire, Shri Joseph Keishing, Second-in-Command, who already, had stalked very near to the enemy sentry, moved strategically right to the epicenter of tension, fired from his AKM rifle and neutralized the Maoist sentry. In this encounter, Shri Joseph Keishing, Second-in-Command, displayed conspicuous gallantry, courage, and devotion to duty of a high order for which he was awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 24 अगस्त 2010 को पश्चिमी मिदनापुर के थाना कोतवाली के अंतर्गत अगिसोल, बक्शीबनन और नेकराकुंडा के जंगलों के बीच श्री जोसेफ किशिंग, द्वितीय कमान अधिकारी की कमान में बल की टुकड़ी माओवादियों का पीछा करते हुए उनके नजदीक पहुंच गई थी जोकि एक पुश्ते पर बैठे हुए थे। माओवादियों ने बल की टुकड़ी पर फायरिंग कर दी। श्री जोसेफ कीशिंग ने साहस, अनुकरणीय नेतृत्व और दबाव में दृढ़ता का उदाहरण करते हुए माओवादियों की ओर से की जा रही भारी फायरिंग के बीच स्वयं की परवाह न करते हुए माओवादियों का सफलतापूर्वक सामना किया। यदि उन्हें देख लिया जाता तो उनकी जान का खतरा हो सकता था क्योंकि वह माओवादियों के गढ़ में घुस चुके थे जोकि सुरक्षा बलों की उपस्थिति से सतर्क हो गया था। भारी फायरिंग के बीच वह सामरिक रूप से बढ़ते हुए दुश्मन के संतरी के नजदीक पहुंचे और अपनी एकेएम राइफल से फायर कर उसे वहीं ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ के दौरान प्रदर्शित असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए श्री जोसेफ किशिंग, द्वितीय कमान अधिकारी को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।



POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
903030925
Name
Head Constable
Khiroda Kumar Lenka
Unit
177 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
055054618
Name
Constable Gopal H.Dharwad
Unit
177 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

Precious civilian lives were in danger on 12 March 2011. Terrorists had holed themselves up in a doctor's clinic in Karlteng, Sopore, under PS Sopore, District Baramulla (J&K), and trapped civilians including the doctor's sister. The troops had already cordoned off the area. As the terrorists opened fire on the troops in the cordon, Head Constable Khiroda Kumar Lenka andConstable Gopal H.D, of 177 Bn CRPF crawled to the gate of the clinic in the midst of heavy fire risking their own life to ensure safe passage to the civilians trapped inside. As the civilians were evacuated, a terrorist tried to escape by firing at random. At that juncture Constable Gopal H Dharwad retaliated and gunned him down. The second miltant was still inside the house and firing recklessly at the troops. Thereafter, due to the firing from both sides, the clinic was gutted and the terrorist shifted his location to a house adjoining the clinic. The firing continued throughout the night and as the firing from the terrorist stopped in the morning, Head Constable Khiroda Kumar Lenka and Constable Gopal H Dharwad along with other troopers entered the house and severly wounded the terrorist before withdrawing due to more reckless firing by the terrorist. The terrorist died subsequently. For their conspicuous gallantry and formidable courage Head Constable Khiroda Kumar Lenka and Constable Gopal H Dharwad were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 12 मार्च 2011 को जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के थाना सोपोर के अंतर्गत कार्लटेंग में आतंकवादी डॉक्टर के क्लिनिक में छिप गए और कई नागरिक, जिसमें डाक्टर की बहन भी थी, उसमें फंस गए। बल की टुकड़ियों ने एरिया को घेर लिया। अंदर फंसे नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालना सुनिश्चित करने के लिए 177 बटालियन के हवलदार के.के.लेंका और सिपाही गोपाल एच.डी. भारी फायरिंग के बीच गंभीर खतरे का सामना करते हुए रेंगकर क्लिनिक के गेट पर पहुंचे। जब नागरिकों को बाहर निकाला जा रहा था तभी एक आतंकवादी ने चारों तरफ फायरिंग करते हुए बच निकलने का प्रयास किया। तभी सिपाही गोपाल एच धारवाड़ ने जवाबी गोलीबारी करते हुए उसे मार गिराया। दूसरा आतंकवादी घर के अंदर था और लगातार बल की टुकड़ी पर गोलीबारी कर रहा था। दोनों तरफ से हो रही फायरिंग के कारण क्लीनिक क्षतिग्रस्त हो गया तब आतंकवादी अपनी जगह बदल कर क्लीनिक के साथ वाले घर में घुस गए। रात भर फायरिंग चलती रही और सुबह फायरिंग रूकी। हवलदार के.के.लेंका और सिपाही गोपाल एच धारवाड़ ने दूसरे जवानों के साथ घर के अंदर प्रवेश किया और आतंकवादी पर गोलियां चलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, बाद में वह मर गया। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए हवलदार के.के.लेंका और सिपाही गोपाल एच धारवाड़ को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
6632
Name
Shri Sanjeev Singh
Assistant Commandant
Unit
179 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On the eve of the inauguration of the Srinagar - Anantnag train service on 10 October 2008, by the Hon'ble Prime Minister, a cordon was laid in Khellan, by the troops of the CRPF and other security forces to counter any sabotage activity. It was early morning when terrorists started firing suddenly, while the search was being conducted. Subsequently, the house where the terrorists were holed up was zeroed upon. Despite being cornered, the terrorists continued to put up stiff resistance and prevented the troops from closing in. Shri Parveen Kumar Choudhary, Asst. Comdt., and Shri. Sanjeev Singh, Asst. Comdt., then fired Tear Smoke munitions inside the house and saw a terrorist coming out with a hostage. The duo in a daring attempt fired in unison and neutralized the terrorist thereby saving the hostage. Meanwhile, Head Constable Nripendra Deb Barma and Constable P. Gopi Nath gave covering fire to the above officers. With darkness fast approaching, Head Constable Nripendra Deb Barma and Constable P. Gopi Nath crawled, to one of the house's windows, fired inside and neutralized the second terrorist hiding inside. After waiting for a few minutes, the house was searched and the second terrorist's body was found. For their devotion to duty, conspicuous gallantry and indomitable courage, Shri Sanjeev Singh, Assistant Commandant, Shri Parveen Kumar Choudhary, Assistant Commandant, Head Constable Nripendra Deb Barma and Constable P Gopi Nath were decorated with the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 10 अक्टूबर 2008 को प्रधानमंत्री द्वारा श्रीनगर–अनंतनाग रेल सेवा का उद्घाटन किया जाना था और किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ न हो इसके लिए अन्य सुरक्षा बलों के साथ केरिपुबल की टुकड़ियां भी तैनात थी और खेल्लन में एक घेरा लगाया हुआ था। प्रातःकाल में जब तलाशी ली जा रही थी तभी आतंकवादियों ने भारी फायरिंग करना शुरू कर दिया। इसके बाद उस घर को चिन्हित किया गया जिसमें आतंकवादी छिपे थे। बल की टुकड़ी द्वारा की गई फायरिंग का आतंकवादियों ने जोरदार प्रतिरोध किया और उन्हें नजदीक आने से रोक दिया। तब श्री प्रवीण कुमार चौधरी और श्री संजीव सिंह ने घर के अंदर आंसू गैस के गोले दागे और एक आतंकवादी को एक बंधक के साथ बाहर आते देखा। इन दोनों अधिकारियों ने निर्भीकता से एक साथ गोली चलाकर आतंकवादी को मार गिराया और बंधक को मुक्त करवा लिया। इस दौरान हवलदार एन.डी.बर्मा और सिपाही पी.गोपीनाथ ने कवरिंग फायर दिया। बढ़ते अंधेरे के बीच हवलदार एन.डी.बर्मा और सिपाही पी.गोपीनाथ रेंगकर घर की खिड़की पर पहुंचे और फायरिंग कर अंदर छिपे दूसरे आतंकवादी को मार डाला। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए श्री प्रवीण कुमार चौधरी, सहायक कमाण्डेंट श्री संजीव सिंह, सहायक कमाण्डेंट हवलदार एन.डी.बर्मा और सिपाही पी.गोपीनाथ को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





IRLA No.
6643
Name
Parveen Kumar Choudhary,
Assistant Commandant
Unit
179 Bn
Decoration
1st BAR to Police Medal for Gallantry.





Force No.
880830348
Name
Head Constable
Nripendra Deb Barma
Unit
179 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
055037938
Name
Constable P. Gopi Nath
Unit
179 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
7639
Name
Shri Ganpat
Assistant Commandant
Unit
180 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 28 September 2009, troops of 180 Bn CRPF under the command of Shri Ganpat, Asst. Comdt., cordoned off a house in village Amlar District Pulwama, suspecting the presence of terrorists. Before the search could start, Constable Ganesh Gaikwad and Constable Mathalai Muthu Gobi challenged three men clad in pherans emerging from the house on which one of the three fired at the troops and all three started running. One of the terrorists took a woman as hostage and fire was stalled. As soon as the terrorist released the woman and tried to flee the duo fired at him and injured him but he hid behind a house. Constable Rajayan Bensiger who had taken position behind tree trunk fired at the terrorists not permitting them to escape. Meanwhile the two other terrorists joined their injured fellow. In the nearest proximity Constable Sudhir Kumar Nayak was also firing at the hiding terrorists bravely. The troops kept braving the attack from the militants and advanced tactically. The fire from the troops resulted in killing of three militants. For their conspicuous gallantry, valour and indomitable courage, Shri Ganpat, Assistant Commandant and Constables R Bensiger, Gaikwad Ganesh Bapurao, M. Gobi and Sudhir Kumar Nayak were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 28 सितंबर 2009 को श्री गणपत, सहायक कमांडेंट की कमान में 180 बटालियन की टुकड़ियों ने पुलवामा जिले के गांव अमलार के एक घर को आतंकवादियों की उपस्थिति के संदेह में घेर लिया। इससे पहले कि तलाशी शुरू हो, सिपाही गणेश गायकवाड़ और सिपाही मथालाई मुत्थु गोबी ने घर से तीन फिरेन पहने व्यक्तियों को निकलते देख ललकारा तो उनमें से एक ने बल की टुकड़ी पर फायरिंग शुरू कर दी और तीनों भागने लगे। एक आतंकवादी ने एक महिला को बंधक बना लिया और फायरिंग रोक दी गई। जैसे ही उस आतंकवादी ने उस महिला को छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा तभी दोनों ने उस पर फायर कर उसे घायल कर दिया परंतु वह एक घर के पीछे जा छिपा। सिपाही राजयन बेनसिगर ने एक पेड़ के पीछे पोजीशन ले रखी थी उन्होंने आतंकवादियों पर गोलियां चलाकर भागने से रोके रखा। इस दौरान दो और आतंकवादी अपने घायल साथी के पास पहुंच गए। सिपाही सुधीर कुमार नायक बहादुरी से छिपे आतंकवादियों पर नजदीक से फायरिंग कर रहे थे। बल की टुकड़ी हमले का सामना करते हुए सामरिक तरीके से आगे बढ़ती रही। इस मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। उनकी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायता के लिये श्री गणपत, सहायक कमांडेंट, सिपाही आर बेनसिगर, सिपाही गायकवाड़ गणेश बापूराव, सिपाही एम गोबी और सिपाही सुधीर कुमार नायक को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
055032008
Name
Constable R. Bensiger
Unit
180 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
055254297
Name
Constable Gaikwad Ganesh Bapurao
Unit
180 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
055032089
Name
Constable M. Gobi
Unit
180 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
065041383
Name
Constable Sudhir Kumar Nayak
Unit
180 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
880958864
Name
Head Constable K.D. Dev
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 7 April 2009, troops of 133 Bn were on an Area Domination Patrol along with civil police. When this party was moving downhill on a hill near village Jilingsera and Tabil Toil, PS Ghagra, it came across scouts of a naxal group. Immediately, the CRPF scout Head Constable K.D. Dev and Head Constable Bipul Chetia challenged them. On being challenged, the naxals opened fire with automatic weapons which was duly retaliated by the duo along with Constable Raushan Ali while taking proper cover and moving with great tactical skills. Meanwhile, the naxals kept firing and started fleeing into the jungles. The troops fired heavily and used HE bombs and rifle grenades in a gun battle lasting for one hour. In the subsequent search of the encounter area, two dead bodies of extremists were recovered and a naxal was apprehended. During the follow up combing of the encounter area the dead body of one more extremist was also found. Three dreaded extremists were killed in this operation. For their conspicuous gallantry, bravery and indomitable courage Head Constable K D Dev, Head Constable Bipul Chetia and Constable Raushan Ali were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 07 अप्रैल 2009 को 133 बटालियन की टुकड़ियां सिविल पुलिस के साथ एरिया डोमिनेशन डयूटी पर थी तथा थाना घाघरा के गांव जिलींगसेरा और ताबिलतोइल की पहाड़ियों से जब टुकड़ी नीचे की ओर उतर रही थी तभी वह माओवादियों के गुट के स्काउट के सामने आ गईं। केरिपुबल के स्काउट हवलदार के.डी.देव और हवलदार बिपुल चेतिया ने उसे ललकारा जिसके जवाब में माओवादियों ने स्वचालित हथियारों से हमला कर दिया जिसका दोनों ने सिपाही रोशन अली के साथ मिलकर सामरिक दक्षता के साथ समुचित जवाब दिया। इस दौरान माओवादी फायरिंग करते हुए जंगल में भागने लगे। बल की टुकड़ी ने लगातार फायरिंग जारी रखी और घंटे भर तक चली गोलीबारी में ग्रेनेड भी दागे। बाद में इलाके की तलाशी लेने पर दो माओवादियों के शव बरामद हुए और एक को गिरफ्तार किया गया। बाद में इलाके से एक और माओवादी का शव बरामद हुआ। इस आपरेशन में कुल तीन माओवादी मारे गए। उनकी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायता के लिये हवलदार के.डी.देव, हवलदार बिपुल चेतिया और सिपाही रोशन अली को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
880958472
Name
Head Constable Bipul Chetia
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
035204009
Name
Constable Raushan Ali
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
075070885
Name
Shaheed Constable Ram Singh Slathia
Unit
207 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

On 27 September 2011, the troops of 207 CoBRA Bn launched an operation against Maoists at village Aman, PS Mahutand, District Bokaro, Jharkhand. During the operation, as the troops reached closer to their target, the Maoists waiting in ambush opened heavy fire at them and lobbed grenades as well. The troops, though were in disadvantageous positions, retaliated the fire and charged at the maoists. A fierce gun fight at a close distance took place. Maoists finding that they could not match the bravery of the troopers, found it safer to flee from the area. During the counterattack Constable Ram Singh Slathia, who was on the extreme right, in an effort to neutralize a naxal, received bullet injury. But despite sustaining an injury he kept on firing at the naxals and pinned them down. He subsequently succumbed to his injuries. Constable Praveen Kumar was spearheading the assault from the left flank and he too received injuries during the gunfight. Despite his injuries he fought hard and laid his life down for the nation. Apart from the above, two more constables i.e. Bappaditya Mondal and Aneesh M. V also received injuries but despite their injuries they kept firing at the naxalites. Due to the valiant efforts of the above troopers, the naxalites had to beat a hasty retreat and flee from the area. For their brave roles during the encounter Constable Ram Singh Slathia (Posthumous), Constable Praveen Kumar (Posthumous), Constable Bappaditya Mondal, and Constable Aneesh M.V. were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 27 सितंबर, 2011 को 207 कोबरा बटालियन की एक टुकड़ी ने बोकारो जिले के महूतांड थाना क्षेत्र के अमन गांव में माओवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया। जैसे ही यह टुकड़ी अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंची अंबुश में इंतजार कर रहे माओवादियों ने बल की टुकड़ी पर भारी फायरिंग के साथ साथ ग्रेनेड फेंकने शुरू कर दिए। बल की टुकड़ी यद्यपि अलाभकारी पोजीशन में होते हुए भी तुरंत माओवादियों पर जवाबी फायरिंग की और माओवादियों पर टूट पड़े। बहुत नजदीक से एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। अपना पलड़ा हल्का पड़ता देख माओवादी अपना स्थान छोड़ कर भाग खड़े हुए। इस जवाबी हमले में सिपाही राम सिंह सलाथिया जोकि बिल्कुल दाहिनी ओर थे एक नक्सल को मार गिराने के प्रयास में गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गये। सिपाही प्रवीण कुमार बायीं ओर से हमला कर रहे थे वह भी गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। मगर घायल होने के बावजूद आखिरी सांस तक वह माओवादियों पर फायरिंग करते रहे और उन्हें शांत करवा दिया। इन दोनों के अतिरिक्त दो और सिपाही बप्पादित्या मंडल और सिपाही अनीश एम.वी. को भी गोलियां लगीं परंतु वे घायल होने के बावजूद माओवादियों पर गोलियां बरसाते रहे। इन जांबाज़ जवानों की बहादुरी के कारण माओवादियो को वहां से भागना पड़ा। दोनों जाबांज अपनी अंतिम सांस तक माओवादियों से लड़ते रहे और अंततः मातृभूमि की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। कर्तव्य पर दिखायी गयी अपूर्व वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये सिपाही राम सिंह सलाथिया (मरणोपरांत), सिपाही प्रवीण कुमार को (मरणोपरांत), सिपाही बप्पादित्या मंडल और सिपाही अनीश एम.वी. को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
075262793
Name
Shaheed Constable Praveen Kumar
Unit
207 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).





Force No.
041592561
Name
Constable Bappaditya Mondal
Unit
207 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
065240947
Name
Constable Aneesh M.V.
Unit
207 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY




IRLA No.
7054
Name
Shaheed Shri N Manoranjan Singh,
Assistant Commandant
Unit
201 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(Posthumous).



IRLA No.
7151
Name
Shri Rakesh Kumar Chaurasia,
Assistant Commandant
Unit
201 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry
(posthumous).

On 16 September 2009, the troops of 201 CoBRA Bn launched an operation against Maoists at village Singhanmadgu, PS Chintagufa, District Dantewada, Chhattisgarh. During the operation, troops raided a weapon factory being run by the Maoists and neutralized one Maoist. Seven muzzle loaded guns, one .303 Rifle, two country-made guns, thirteen barrels of guns and other incriminating articles were recovered from the site. After dismantling the factory and a training camp established alongwith the factory, the troops planned their withdrawal. As the troops were withdrawing, the Maoists waiting to ambush opened indiscriminate fire at the troops. Shri Manoranjan Singh, Asst. Comdt., who was leading the party helped his team members in moving out safely from the ambush zone. Further, when he saw that the other teams behind him were surrounded by naxalites, he moved back to provide support to the troops without caring for his life. While taking cover he was hit by a volley of bullets and he achieved martyrdom. Similarly, Shri Rakesh Kumar Chaurasia, Assistant Commandant, and Sub-Inspector Sushil Kumar Verma were leading their team and managed to move everyone out safely from the ambush area. But during the course of encounter, they sustained bullet injuries and attained martyrdom. Head Constable Lalit Kumar, Constable Manohar Lal Chandra and Constable Uday Kumar Yadav also gave effective support fire and helped the troops come out of the ambush zone. For displaying gallantry, bravery, and courage of the highest order, Shri Manoranjan N, Assistant Commandant, Shri Rakesh Kumar Chaurasia, Assistant Commandant, Sub-Inspector Susheel Kumar Verma, Head Constable Lalit Kumar, Constable Uday Kumar Yadav and Constable Manohar lal Chandra were awarded the Police Medal for Gallantry (Posthumous).

दिनांक 16 सितंबर, 2009 को 201 कोबरा की एक टुकड़ी ने दंतेवाड़ा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के गांव सिंहनमाड़गु में माओवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन का संचालन किया। आपरेशन के दौरान टुकड़ी ने माओवादियों द्वारा चलाई जा रही एक हथियार बनाने की फैक्टरी पर धावा बोला और एक माओवादी को मार गिराया। सात मजल लोडेड गन, एक 303 रायफल, दो देसी बंदूकें, 13 बंदूकों के बैरल और अन्य कई प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री यहां से बरामद की गयी। फैक्टरी और फैक्टरी के बगल में माओवादियों द्वारा चलाये जा रहे एक प्रशिक्षण कैम्प को नष्ट करने के उपरांत बल की टुकड़ी ने वापसी का निर्णय लिया। जब यह टुकड़ी वापस लौट रही थी, तो इंतजार में बैठे माओवादियों ने घात लगा कर टुकड़ी पर आक्रमण किया और बल की टुकड़ी पर ताबड़तोड़ फायर करना शुरू कर दिया। श्री मनोरंजन सिंह, सहायक कमांडेंट, जोकि टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को अंबुश क्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। उसके बाद उन्होंने देखा कि उनके पीछे की टीम को माओवादी घेरने का प्रयास कर रहे हैं तो वह अपनी जान की परवाह किए बिना उनकी सहायता के लिए पीछे की ओर मुड़ गए। जब वह कवर लेने का प्रयास कर रहे थे तभी गोलियों की बौछार से वह घायल हो गए और वीरगति को प्राप्त हुए। इसी प्रकार श्री राकेश कुमार चौरसिया, सहायक कमांडेंट व उप निरीक्षक सुशील कुमार वर्मा अपनी



Force No.
077130019
Name
Shaheed Sub-Inspector Susheel Kumar Verma
Unit
201 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
891110699
Name
Shaheed Head Constable Lalit Kumar
Unit
201 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
041719491
Name
Shaheed Constable Uday Kumar Yadav
Unit
201 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).



Force No.
041641793
Name
Shaheed Constable Manohar Lal Chandra
Unit
201 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry (Posthumous).

टीम का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को अंबुश क्षेत्र से सुरक्षित निकाल लिया। परंतु इस मुठभेड़ के दौरान उन्हें गोलियों के घाव लगे जिसके कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए। हवलदार ललित कुमार, सिपाही मनोहर लाल चंद्रा और सिपाही उदय कुमार यादव ने भी प्रभावी रूप से फायरिंग करते हुए साथी जवानों को अंबुश से बाहर निकलने में मदद की। इस मुठभेड़ में बल के छः बहादुर अधिकारी और जवान वीरगति को प्राप्त हुए। श्री एन मनोरंजन सिंह, सहायक कमांडेंट, श्री राकेश कुमार चौरसिया, सहायक कमांडेंट, सब इंस्पेक्टर सुशील कुमार वर्मा, हवलदार ललित कुमार, सिपाही उदय कुमार यादव और सिपाही मनोहर लाल चंद्रा कर्तव्य पथ पर बहादुरी से लड़ते हुए शहादत को प्राप्त हुए। इस आपरेशन में दिखाई गयी अपूर्व वीरता, अद्वितीय साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के लिये इन सभी जाबाजों को मरणोपरांत वीरता के पुलिस पदकों से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
8519
Name
Shri Avizao Angami
Assistant Commandant
Unit
120 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.



Force No.
025110448
Name
Constable Anil Kumar
Unit
120 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 18 October 2011, while a team of 120 Bn under the command of Shri Avizao Angami, Assisant Commandant, was searching the area of Nengmandalgre, PS Williamnagar, East Garo Hills, Meghalaya, during a joint operation, GNLA insurgents opened heavy fire on them. The troops took positions and retaliated. To counter the insurgents perched on dominating positions, Shri Avizao Angami along with Constable Anil Kumar crawled for about 32 metres to reach to the rear of the insurgents' positions, not caring for the deadly bullets flying all around and fired at insurgents. At that point one insurgent saw them and rained bullets on the duo. Undeterred by the rain of bullets, the duo retaliated bravely and killed the insurgent with their aimed fire. The slain insurgent was later identified as a Deputy Commander of the insurgent outfit. For their exceptional show of bravery, courage, and professional skills Shri Avizao Angami, Assistant Commandant and Constable Anil Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 18 अक्टूबर 2011 को जब 120 बटालियन की टीम श्री अविज़ाओ अंगामी, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में ईस्ट गारो हिल्स के थाना विलियमनगर के नदमंडलगरे क्षेत्र में संयुक्त आपरेशन के तहत तलाशी अभियान चला रही थी तभी जीएनएलए के आतंकवादियों ने उन पर भारी फायरिंग की। बल की टुकड़ियों ने पोजीशन ली और जवाबी फायरिंग की। हावी हो जाने वाली पोजीशन पर जमे उग्रवादियों से सामना करने के लिए श्री अविजाओ अंगामी सिपाही अनिल कुमार के साथ लगभग 32 मीटर तक रेंगकर भारी गोलीबारी के बीच अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उग्रवादियों की पोजीशन के पीछे की ओर पहुंचे। एक उग्रवादी ने उन्हें देख लिया और दोनों पर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी से विचलित हुए बिना दोनों ने जबरदस्त जवाबी हमला करते हुए एक उग्रवादी को मार गिराया। मृत उग्रवादी की पहचान बाद में उग्रवादी संगठन के डिप्टी कमांडर के रूप में हुई। उनकी उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए श्री अविज़ाओ अंगामी, सहायक कमांडेंट और सिपाही अनिल कुमार को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
057330077
Name
Inspector Naushad Ali
Unit
153 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

When a team of 153 Bn under the command of Inspector Bhagwan Ram Thory along with civil police was cordoning off the village Darmaha, PS Keshriya, on 13 March 2011, naxalites opened indiscriminate fire on them. The troops retaliated with fervour; however, a SAF jawan got injured. Immediately, Head Constable T. Ramaswamy, Head Constable M. C. Rayalu along with other troopers gave cover to the injured and he was evacuated to PHC Chakiya. The troops kept on braving the onslaught and further tightened the cordon while also firing at the enemy. Then the party boarded a Bullet Proof Gypsy to protect themselves and Head Constable T. Rama Swamy hurled a hand grenade towards the naxals, which resulted in killing of one or more naxals. Seeing this, Head Constable M C Rayalu also started moving towards the naxal and the duo killed two or more naxals. By that time it was already dark and night was approaching. Taking advantage of the dark, the naxals tried to skip the cordon but they suddenly came face to face with Inspector Naushad Ali and fired at him. This brave trooper retaliated immediately and killed a naxal seeing which the others retreated. The naxals were beaten by the valour of the troops and lost all hope. The troops then apprehended 10 naxals. Six naxals were killed in this operation. For their exemplary show of courage, valour and grit, four personnel were decorated with the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 13 मार्च 2011 को 153 बटालियन केरिपुबल की टुकड़ी थाना केशरिया के गांव डरमाहा में निरीक्षक भगवान राम थोरी के नेतृत्व में सिविल पुलिस के साथ घेराव कर रही थी तभी उन पर माओवादियों ने जबरदस्त फायरिंग कर दी। बल की टुकड़ियों ने बहादुरी से जवाबी गोलीबारी की परंतु इस गोलीबारी में एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। हवलदार टी.रामास्वामी व हवलदार एम.सी.रायलु ने टुकड़ी के अन्य सदस्यों के साथ घायल कर्मी को कवर फायर दिया और उसे पीएचसी चकिया में भिजवाया। बल की टुकड़ियां हमले का सामना करते हुए बढ़ती रही और घेरा तंग करती रही जबकि दुश्मन पर गोलीबारी करना जारी रखा। अब यह पार्टी जिप्सी में बैठी और हवलदार टी.रामास्वामी ने माओवादियों की तरफ एक ग्रेनेड फेंका जिसमें एक या अधिक माओवादी मारा गया। यह देखकर हवलदार एम.वी.रायुलु भी माओवादियों की ओर बढ़ने लगे और दोनों जांबाजों ने दो और माओवादियों को मार डाला। रात हो चली थी और अंधेरा बढ़ रहा था जिसका फायदा उठाकर माओवादियों ने घेरे से निकल जाने का प्रयास किया परंतु उनका सामना निरीक्षक नौशाद अली से हो गया और उन्होंने फायरिंग कर दी जिसका निरीक्षक नौशाद अली ने बहादुरी से मुकाबला किया और एक माओवादी को मार गिराया जिसे देखकर दूसरे नक्सली भागने लगे। बल की टुकड़ी की वीरता के आगे न ठहरते हुए माओवादियों के हौंसले पस्त हो गए। बल की टुकड़ी ने 10 माओवादियों को पकड़ लिया। इस आपरेशन में 6 माओवादी मारे गए। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए चारों जाबाजों को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
005010369
Name
Inspector Bhagwana Ram Thory
Unit
153 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
901130424
Name
Head Constable M C Rayalu
Unit
153 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
913213498
Name
Head Constable T. Ramaswamy
Unit
153 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



IRLA No.
7576
Name
Shri Rana Navin,
Assistant Commandant
Unit
205 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.

A special operation by 205 CoBRA was underway on 27 August 2010, in densely forested tracts near Patasimul and Jorananda villages under PS Jhargram of District West Medinipur, West Bengal, when Maoists opened heavy fire on troops. The troops fired back and quickly took positions. The rapidly developing situation then required a change in approach. Instead of getting involved in a prolonged exchange of fire, the Commander decided to adopt a more pro-active approach. To decimate the Maoists, Shri Rana Navin, Assistant Commandant, along with Constable Brijesh Kumar and Constable Ashok Kumar then launched a brave flanking attack. The trio kept braving the bullets and inched closer to the Maoists while also firing at them. This surprised them and slowly they lost their determination to fight forcing them to beat a hasty retreat. In the subsequent search of the incident site, the body of a dead Maoist, who was the prime accused in the Gyaneshwari Express derailment case and was carrying a reward of Rs 1 Lakh against his name, was recovered. For their formidable courage, and indomitable bravery, Shri Rana Navin, Assistant Commandant, Constable Ashok Kumar and Constable Brijesh Kumar were decorated with the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 27 अगस्त 2010 को 205 कोबरा की टुकड़ियां पश्चिमी बंगाल के पश्चिमी मेदिनीपुर जिले के झारग्राम थाने के अंतर्गत गांव पतासिमुल और जोरानंदा के नजदीक घने जंगलों में एक विशेष अभियान का संचालन कर रही थी तभी माओवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की जिसका बल की टुकड़ी ने पोजीशन लेकर जवाब में गोलीबारी की। तेजी से बदलती परिस्थिति में तब दृष्टिकोण बदलने की जरूरत थी। एक लंबी गोलीबारी में फंसने की बजाय कमांडर ने एक अधिक अग्रसक्रिय दृष्टिकोण अपनाने का निर्णय लिया। माओवादियों का सफाया करने के लिए श्री राणा नवीन, सहायक कमांडेंट के साथ सिपाही बृजेश कुमार और सिपाही अशोक कुमार ने पीछे की तरफ से हमला किया। गोलीबारी का सामना करते हुए तीनों आगे बढ़ते रहे और फायरिंग भी करते रहे। माओवादी इससे भौंचक्के रह गए और उनकी हिम्मत जवाब दे गई और वे भागने पर मजबूर हो गए। घटनास्थल की तलाशी लेने पर एक माओवादी का शव बरामद हुआ जो ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने में मुख्य अभियुक्त था और उसके सिर सीबीआई ने एक लाख रूपये का इनाम भी घोषित किया हुआ था। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए श्री राणा नवीन सहायक कमांडेंट, सिपाही बृजेश कुमार और सिपाही अशोक कुमार को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
041662693
Name
Constable Ashok Kumar
Unit
205 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
041570094
Name
Constable Brijesh Kumar
Unit
205 CoBRA
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
7323
Name
Shri Sandeep, Assistant Commandant
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

The operation called "TOOFAN" was underway and the troops of 133 Bn were attacked by a large number of naxals in Borha village, District Palamu, Jharkhand, on 17 November 2010. Though outnumbered, the skilled and trained troops kept retaliating in a tactical manner and kept the adversaries at bay. To break the deadlock Shri Sandeep, Assistant Commandant, along with Constable Manoj Kumar and Heat Constable Gour Chandra Das moved forward amidst heavy fire and retaliated bravely. At that point a bullet fired by the enemy injured Constable Manoj Kumar. Undeterred by the injury, he kept braving the attack while retaliating simultaneously. The bravery of the troops surprised the naxals who began to panic. As the reinforcements reached, the trio along with other troopers tried to encircle the naxals but the naxals understood their plan and tried to flee by resorting to heavy firing. The trio retaliated bravely and killed two naxals who were raining bullets on the troops, while other naxals managed to flee. For their conspicuous bravery, formidable courage, and gallantry, Shri Sandeep, Assistant Commandant, Head Constable Gour Chandra Das and Constable Manoj Kumar were awarded the Police Medal for Gallantry.

दिनांक 17 नवंबर 2010 को 133 बटालियन द्वारा संचालित आपरेशन 'तूफान' के दौरान माओवादियों ने झारखंड के पलामू जिले के गांव बोरहा में बल की टुकड़ी पर हमला किया। संख्या में कम परंतु सुप्रशिक्षित और दक्ष, बल की टुकड़ी ने सामरिक तौर पर जवाबी गोलीबारी कर दुश्मन को नजदीक नहीं आने दिया। इस गतिरोध को तोड़ने के लिए श्री संदीप, सहायक कमांडेंट, सिपाही मनोज कुमार और सिपाही जी.सी.दास भारी फायरिंग के बीच आगे बढ़े और हिम्मत से लड़े। तभी दुश्मन की एक गोली सिपाही मनोज कुमार को लगी परंतु इससे विचलित हुए बिना उन्होंने डट कर सामना किया। बल की टुकड़ी की वीरता ने माओवादियों के हौंसले पस्त कर दिए। जैसे ही अतिरिक्त सैन्य बल पहुंचा, तीनों जांबाजों ने माओवादियों को घेरने का प्रयास किया परंतु उन्होंने यह भांप लिया और फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। बल की टुकड़ी ने जोरदार जवाबी हमला कर दो माओवादियों को मार गिराया जबकि अन्य माओवादी भाग खड़े हुए। उनकी असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय के लिए श्री संदीप, सहायक कमांडेंट, सिपाही मनोज कुमार और सिपाही जी.सी.दास को वीरता के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।





Force No.
881312467
Name
Head Constable Gour Chandra Das
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





Force No.
035190917
Name
Constable Manoj Kumar
Unit
133 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.





POLICE MEDAL FOR GALLANTRY



Force No.
035072737
Name
Constable Naresh Kumar
Unit
2 Bn
Decoration
Police Medal for Gallantry.

On 17 May 2011, in the naxal hotbed of Dantewada District, Chhatisgarh, a CRPF party was returning from an operation. Things seemed calm when a powerful IED explosion by the naxalites rocked a vehicle carrying troops. Seven out of the eight occupants were martyred. The lone survivor of this blast, Constable Naresh Kumar, inspite of being critically injured, picked up his weapon after regaining conciousness. In order to fire at the naxalites he tried to cock his rifle but his hands could not muster that amount of power at that time. He showed great presence of mind and bravery and cocked his rifle with his boot and fired at naxals thereby stopping them from looting weapons. Though seriously wounded he checked whether any of his colleagues could be revived. Amidst all chaos he noticed an incoming call on the cell phone of one of his colleagues. He took this call and was able to request his Battalion Head Quarter to send immediate reinforcements. Subsequently, he again kept up his lone battle till the time reinforcements reached the spot. For his conspicuous bravery and indomitable spirit to survive and help, brave Constable Naresh Kumar was decorated with the Police Medal for Gallantry.

